## खबर संक्षेप

### बिरेझर में मातर पर हुई पंडवानी

सिर्री। ग्राम बिरेझर में मातर पर्व धूमधाम से मनाया गया। यादव समाज ने विशिष्ट वेशभूषा में पूरे ग्राम का भ्रमण कर दोहा गाते हुए देवी देवताओं, गौवंश की पूजा-अर्चना की। ग्राम की सुख समृद्धि की कामना भी की। इस मौके पर ग्राम के यादव बंधुओं द्वारा गौठान को सुसज्जित किया गया था। शाम को सुप्रसिध्द लोक गायिका आराध्या साहू की पंडवानी हुई। आराध्या ने महाभारत की कथा के माध्यम से सबको भावविभोर किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, ग्रामीण समाज के पदाधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि सहित साहू समाज के सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

### पोर्टल में टोकन का आप्शन नहीं खुला, कटाई मिंजाई जोरों पर

# खरीदी शुरू होने से पहले टोकन के लिए कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धान खरीदी से पहले किसान टोकन लेने के लिए खरीदी केंद्र पहुंचने लगे हैं लेकिन अब तक पोर्टल में टोकन का आप्शन ही नहीं आया है। कई किसान धान की कटाई कर चुके हैं। ऐसे में वे धान को जल्द बेचने के लिए टोकन का आप्शन खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

धान खरीदी शुरू होने में अब सिर्फ 19 दिन शेष हैं। धान खरीदी शुरू होते ही टोकन लेने के लिए किसानों की कतार लग जाती है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों आप्शन होने के कारण लेट से कटाई करने वाले किसानों को पहले टोकन मिल जाता है। ऐसे में कई किसानों को धान कटाई और मिंजाई के बाद लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए किसान पहले से टोकन कटवाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। उधर धान खरीदी के पोर्टल में अब तक टोकन का आप्शन ही नहीं खुला है। किसान लगातार धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर टोकन के लिए पूछताछ कर रहे हैं और निराश होकर लौट रहे हैं।



फाइल फोटो

#### पंजीयन के लिए बचे पांच दिन

धान खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। जानकारी के अनुसार इस साल भी 15 नवंबर से खरीदी शुरू करने की तैयारी चल रही है। स्थिति को देखते हुए सहकारी समितियों और खरीदी केंद्रों में तैयारी शुरू हो गई है। धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन भी अंतिम चरण में है। जानकारी के अनुसार अब तक करीब 1 लाख 15 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है। अभी भी बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। उम्मीद की जा रही है कि पंजीयन की अंतिम तिथि से पहले सभी किसानों का पंजीयन कर लिया जाएगा।

#### खराब मौसम से किसान चिंतित

दीपावली के बाद अब धान की कटाई मिंजाई ने रफ्तार पकड़ ली है। हाथों से कटाई के साथ खेतों में मशीनें गजरनी लगी हैं। उधर मौसम में आए परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खराब मौसम के बाद भी कटाई मिंजाई का दौर चल रहा है। बारिश से नुकसान से बचने के लिए किसानों ने तिरपाल, झिल्ली आदि की व्यवस्था पहले से कर रखी है। किसानों ने बताया कि वे कितना भी जतन कर ले बारिश होती है तो नुकसान जरूर होगा।

# धर्मसभा को लेकर गौ क्रांति मंच की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रुद्रेश्वर महादेव मंदिर रुद्री परिसर में रविवार को भारतीय गौ क्रांति मंच जिला धमतरी की बैठक हुई, जिसमें आगामी दिसंबर में होने वाले धर्मसभा की तैयारी हेतु कार्ययोजना बनाई गई और भारतीय गौ क्रांति मंच के ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की गई।

धमतरी ब्लाक से दीपक सार्वा, भखारा ब्लाक से रिनेश ठाकुर, कुरूद ब्लाक से संतोष निर्मलकर, मगरलोड ब्लाक से डोमेंद्र सिन्हा, कुकरेल ब्लाक से वैभव यदु, नगरी ब्लाक से शिव शंकर सोनबोईर को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा, प्रदेश महामंत्री नामदेव राय, संतोष निर्मलकर, दानू साहू, तिजउ यादव, मोहन निर्मलकर, देवेंद्र साहू, चोखा साहू उपस्थित थे।

# आज व्रती परिवार डूबते सूर्य को देंगे अर्घ्य

- आस्था का दूसरा पड़ाव, छठ महापर्व पर मनाया गया पवित्र खरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना का महापर्व छठ दूसरे दिन रविवार को पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न मोहल्लों, कॉलोनियों और घाटों पर आज का दिन पूरी तरह खरना की पवित्रता में डूबा नजर आया। यह दिन छठ व्रत का सबसे अहम पड़ाव माना जाता है, जब व्रती पूरे दिन निर्जला रहकर संध्या को भगवान भास्कर को नमन करते हुए खरना की पूजा-अर्चना करते हैं।

शहर के कई परिवारों में आज श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिला। व्रती परिवार राजू गुप्ता, रेखा गुप्ता, वैभव गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, विनोद चौधरी, अशोक चौधरी, रामकुमार यादव, अभिषेक, विवेक, अनामिका चौधरी, सुनीता यादव, प्रमिला चौधरी सहित अनेक व्रती परिवारों ने पूरे विधि-विधान से खरना की पूजा की। संध्या के समय घरों से छठी मइया के जयकारे और भक्ति गीतों की गूंज उठी। व्रती महिलाओं ने पूजा स्थल को स्वच्छ मिट्टी से लीपकर संवारा और केले के पत्तों पर प्रसाद रखा। गुड़-चावल की खीर, रोटी और केले का खरना प्रसाद बनाया गया, जिसे पूजा के बाद व्रती ने ग्रहण किया और फिर परिवारजन व श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।



छठ महापर्व का यह दूसरा दिन केवल व्रत का अनुशासन नहीं, बल्कि आत्मसंयम, भक्ति और शुद्धता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन का वातावरण पूरे शहर में आस्था से भरा रहा। लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और घाटों पर अगले दिन की तैयारी में जुट गए।

इससे पहले शनिवार को छठ महापर्व का पहला दिन नहाय-खाय धूमधाम से मनाया गया था। इस दिन व्रती महिलाओं ने सुबह-सुबह नदियों, तालाबों और कुओं में स्नान कर शरीर और मन की पवित्रता का संकल्प लिया। नहाय-खाय के दिन लौकी, चने की दाल और चावल का सात्विक भोजन किया गया। यह दिन व्रत की शुरुआत माना जाता है, जब व्रती सात्विक आहार लेकर आगामी दिनों के कठोर उपवास के लिए तैयार होती हैं।

तीसरे दिन सोमवार को संध्या अर्घ्य के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन व्रती परिवार घाटों पर पहुंचकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। धमतरी के आमातालाब, रुद्री घाट में विशेष व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम और प्रशासन ने साफ-सफाई, सुरक्षा और रोशनी की तैयारी तेज कर दी है ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के पूजा कर सकें। घाटों पर दीपों की जगमगाहट और लोकगीतों की मधुर गूंज से शहर का माहौल छठमय हो उठेगा।

छठ महापर्व का चौथा और अंतिम दिन मंगलवार को उषा अर्घ्य के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन व्रती उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे और अपने चार दिवसीय कठिन व्रत का समापन करेंगे। यह क्षण व्रती परिवारों के लिए आध्यात्मिक संतोष और कृतज्ञता का प्रतीक होता है। इस बीच धमतरी के बाजारों में छठ के पारंपरिक सामानों की खरीदारी पूरे जोश में है। सुप, दौरा, ठेकुआ, फल, केले, गन्ना और सजावट के सामान की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। महिलाएं पारंपरिक गीतों से माहौल को भक्ति रस में डुबो रही हैं। खरना के पवित्र अवसर पर धमतरी का हर घर भक्ति की रोशनी से आलोकित दिखाई दिया।

# तूफान के साथ भारी बारिश की आशंका



- सिंचाई विभाग अलर्ट, महानदी में बाढ़ की संभावना
- गंगरेल पर्यटन गुलजार, सभी बांध लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविवार को हजारों सैलानियों ने गंगरेल पर्यटन का आनंद लिया। मां अंगारमोती मंदिर में मन्नत देने दर्जनों परिवार पहुंचे। यहां का मिनी गोवा, हर्बल मानव वन, गार्डन पर्यटकों से गुलजार रहा। इधर भारी बारिश की संभावना के बीच सिंचाई विभाग अलर्ट हो गया है। बांध में पानी की आवक तेज होने पर महानदी में फ्लड के लिए गंगरेल बांध का गेट फिर खुल सकता है।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर श्री राय ने बताया कि शुक्रवार को गंगरेल मड़ई देखने उड़ीसा, महाराष्ट्र के लोग पहुंचे थे। वे नाईट स्टे कर यहां की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को करीब से समझा और देखा।

मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि माता की कृपा से कई महिलाओं की सूनी गोद भर गई है। इसी तरह मनोकामना पूर्ण होने पर माता को मन्नत देने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल की गंगरेल मड़ई ऐतिहासिक रही।

#### गंगरेल बांध में 32.083 टीएमसी जल भराव



गंगरेल बांध सहित महानदी परियोजना के सभी बांध लबालब है। गंगरेल बांध में 32.083 टीएमसी जल भराव है। यह क्षमता का 99.74 प्रतिशत है। बांध में पानी की आवक-जावक 772 क्यूसेक बनी हुई है। माड़मसिल्ली बांध में 97.99 प्रतिशत, दुधावा बांध में 98.37 प्रतिशत तथा सोंदूर बांध में 75 प्रतिशत जल भराव है। मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर को दक्षिण छग के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी और एक-दो स्थान पर सीमांत भारी वर्षा हो सकती है। 29 अक्टूबर को मध्य छग के एक-दो स्थानों में भारी से अति भारी वर्षा की संभावना है।

#### 60 से 80 किमी घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

28 अक्टूबर को दक्षिण छग के सभी जिलों में 60 से 80 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 29 अक्टूबर को मध्य तथा दक्षिण छग में 50 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

# ड्राइवरों का स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन एक सप्ताह के लिए स्थगित

- मांगों को लेकर परिवहन मंत्री से चर्चा कराने के आश्वासन के बाद टला धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने एक सप्ताह के लिए स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन को स्थगित कर दिया है। रविवार को बालोद जिला के अपर कलेक्टर, एसडीएम एवं पुलिस अधिकारियों से लंबी चर्चा के बाद महासंगठन ने यह फैसला लिया है। अधिकारियों ने लिखित पंचनामा में 3 एवं 4 नवंबर को परिवहन मंत्री छग शासन से ड्राइवर संगठन की मांगों को लेकर चर्चा कराने की सहमति दी है।

छग ड्राइवर महासंगठन ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार से स्टेयरिंग छोड़ो अनिश्चितकालीन आंदोलन के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम चिटौद में आंदोलन शुरु किया था। रविवार से चक्काजाम करने का फैसला लिया था। रविवार को चक्काजाम के लिए आसपास जिले के संगठन पदाधिकारी एवं ड्राइवर धरनास्थल पहुंचने लगे थे। ड्राइवर महासंगठन की हड़ताल को लेकर प्रशासन में भी खलबली मच गई।





बालोद जिले के अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एसडीएम, डीएसपी धरना स्थल पहुंचे और संगठन के पदाधिकारियों एवं ड्राइवरों के साथ तीन घंटे तक बातचीत की। इसके बाद स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन को महासंगठन ने एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है।

#### पंचनामा में मंत्री से बैठक की सहमति

इधर प्रशासन द्वारा बनाए गए पंचनामा में कहा गया कि संगठन के प्रदेश प्रभारी नोहरसिंह साहू, प्रदेश संगठन मंत्री अनूप मानिकपुरी, अपर कलेक्टर बालोद, एसडीएम, तहसीलदार, डीएसपी एवं अन्य उपस्थित संगठन के सदस्यों के साथ महासंगठन की मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा उपरांत उनकी मांगों पर परिवहन मंत्री एवं संबंधित विभाग से संगठन के पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मिलवाने के लिए आश्वस्त किया गया तथा धरना प्रदर्शन में शामिल ड्राइवरों को वाहन चलाने वापस लौटने की समझाईश दी गई। अपर कलेक्टर ने परिवहन मंत्री के ओएसडी से दूरभाष में चर्चा कर ड्राइवर संघ के पदाधिकारियों के लिए 3 या 4 नवंबर को बैठक के लिए समय लिया है।

#### बस मालिकों को धमकी, रूट डायवर्ट हुआ

छग यातायात महासंघ धमतरी के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गुप्ता ने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को आवेदन कर संरक्षण देने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि शनिवार रात को फोन कर किसी व्यक्ति ने उसे धमकाया है कि 26 अक्टूबर को अपनी बसों का संचालन नहीं करेंगे। हमारी क्रांति सेना बसों को रोककर ड्राइवरों को स्टेयरिंग से उतारेगी। बसों में तोड़फोड़ करने की धमकी दी है। बस मालिक ने धमकी देने वाले व्यक्ति के नाम और मोबाइल नंबर भी दिया है। इधर ड्राइवर महासंगठन की हड़ताल को लेकर यात्रियों को असुविधा से बचाने रायपुर जगदलपुर मार्ग में चलने वाली बसों को धमतरी से नहरहरपुर मार्ग में डायवर्ट किया गया। इस दौरान चारामा क्षेत्र जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद यातायात यथास्थिति शुरु हो गया।

# नशे के सौदागरों पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

- पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार तीसरी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बार-बार कार्रवाई के बाद भी जब नशे के कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं, तो पुलिस ने पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। इस एक्ट के तहत तीसरी कार्रवाई करते हुए एक महिला को तीन माह के लिए रायपुर केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।

जिले में नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। यह नशा अपराध का बड़ा कारण है। लगातार शहर में चाकूबाजी, हत्या जैसे अपराध हो रहे हैं। पुलिस ने ऐसे मामलों में सख्ती शुरू कर दी है। आईजी रायपुर, एसपी धमतरी के मार्गदर्शन में जिले में स्वापक औषधि एवं मादक द्रव्य अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आरोपिया आरती रजक उम्र 50 साल पति स्वर्गीय राम रजक निवासी धोबी चौक रामसागर पारा धमतरी के विरुद्ध पिट एनडीपीएस प्रकरण में विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय आयुक्त सह निरुद्धकारिता अधिकारी रायपुर संभाग रायपुर के आदेश पर उसे तीन माह के लिए केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।



उल्लेखनीय है कि धमतरी पुलिस द्वारा इससे पूर्व भी उषा धुरी एवं करण धुरी के विरुद्ध पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

#### नहीं आते बाज, तो होती है कार्रवाई

एनडीपीएस एक्ट के तहत जब किसी के पास नशीले पदार्थों की बरामदगी या अपराध सिद्ध होता है, उसे न्यायालय के फैसले के बाद जेल भेज दिया जाता है, लेकिन कई प्रकरण ऐसे होते हैं, जिसमें अपराध साबित करना मुश्किल होता है। आरोपी सावधानीपूर्वक नशे का कारोबार करते हैं। लगातार कार्रवाई के बाद भी वे नशे के कारोबार से बाज नहीं आते हैं। ऐसे लोगों पर पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की जाती है।

#### नशे की कड़ी को तोड़ना उद्देश्य

पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के मामलों में आरोपी को सबक सिखाने के लिए पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई करनी पड़ती है। कार्रवाई का उद्देश्य बार-बार नशे का कारोबार करने वालों को अस्थायी रूप से समाज से अलग करना, मादक पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ना और समाज में ड्रग्स व्यापार की रोकथाम करनी है। धमतरी पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है तथा ऐसे अवैध कारोबारियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### इतवारी बाजार : मुनगा 150 और गोभी, ढेस, कटहल 100 रुपये किलो

# सब्जियों के दाम में उछाल, लोगों के छूट रहे पसीने

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। विशेष रूप से सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। धमतरी के इतवारी बाजार में रविवार को सब्जियों की कीमत में एक बार फिर भारी उछाल देखने को मिला। टमाटर, प्याज, गोभी, भिंडी, आलू और धनिया जैसी रोजमर्रा की सब्जियां अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं।

सब्जी व्यवसायी धीरेंद्र सोनकर ने बताया कि इस समय टमाटर 40 से 50 रुपये किलो बिक रहा है, जबकि प्याज 30 और आलू 25 रुपये किलो तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इस बार बारिश और मौसम की अनियमितता के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में सब्जियां सड़ गई हैं, जिससे बाजार में आवक बहुत कम हो गई है।



सुमन सोनकर ने बताया कि हरी मिर्च 120 रुपये किलो और धनिया 200 रुपये किलो बिक रहा है। उन्होंने कहा कि सब्जियों की पैदावार घटी है और बाहर से आने वाली गाड़ियों की संख्या में भी कमी आई है। परिवहन की लागत बढ़ने से सब्जियों की कीमतें और बढ़ गई हैं।

गणेश सोनकर ने बताया कि गोभी, टमाटर, पत्तागोभी और मूली 40 रुपये किलो बिकी, जबकि लौकी 20 रुपये किलो और केला 30 रुपये किलो में मिला। बाजार में गाजर, कुंदरू, करेला, बरबटी, भिंडी, डोड़का और तोरई 50 रुपये किलो, ग्वारफली, परवल, सेमी और हरी मिर्च 80 रुपये किलो, गोभी, ढेस और कटहल 100 रुपये किलो, मुनगा 150 रुपये किलो तथा धनिया 200 रुपये किलो तक पहुंच गया है।

उदयराम सोनकर और मनोज सोनकर ने बताया कि सब्जियों की आवक कम होने से ग्राहकों की भीड़ में भी कमी आई है। पहले जहां लोग 200 रुपये में हफ्तेभर की सब्जी खरीद लेते थे, अब वही रकम एक दिन के लिए भी कम पड़ रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई की वजह से लोग अब सीमित मात्रा में ही सब्जियां खरीद रहे हैं। महंगाई की इस मार से गरीब और मध्यम वर्ग दोनों परेशान हैं। गृहिणियों का कहना है कि पहले जहां हर तरह की सब्जियां आसानी से बजट में आ जाती थीं, वहीं अब जरूरी सब्जियों की कीमतें भी जेब ढीली कर रही हैं। बाजारों में खरीदारों की रौनक फीकी पड़ गई है और ग्राहक सिर्फ जरूरत की वस्तुएं ही खरीद रहे हैं।

व्यापारियों ने बताया कि मौसम की अनियमितता और परिवहन में आई मुश्किलें इस बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह हैं। जब तक मौसम सामान्य नहीं होता और नई फसल बाजार में नहीं आती, तब तक दामों में राहत की कोई संभावना नहीं है।

लोग उम्मीद जता रहे हैं कि आने वाले दिनों में जब नई फसल बाजार में आएगी तो सब्जियों के दाम में कुछ गिरावट देखने को मिलेगी। तब तक आम आदमी को महंगाई की मार झेलनी ही पड़ रही है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969




## खबर संक्षेप

### रामचंद बने ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पटेल संघ तहसील गुरूर के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष रामचंद साहू बागतराई, उपाध्यक्ष विजयेन्द्र ध्रुवे दानीटोला, सचिव रामचरण सिन्हा मोखा, सहसचिव समेलाल सिन्हा बोरतरा, कोषाध्यक्ष सूरजराम लावत्रे कोलिहामार, संगठन मंत्री हिन्छाराम साहू पिकरीपार, प्रचार मंत्री शिवलाल साहू देवकोट, मीडिया प्रभारी कमलसिंह साहू डढ़ारी बनाए गए। सरंक्षक केवल सिंह चंदेल सुर्रा, कीर्तनराम साहू पुरूर चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में भगोलीराम साहू बगदेही, गरीबाराम साहू पेरपार, पदुम निषाद उसरवारा, सेवकराम साहू बालोदगहन, अशोक साहू खुंदनी, भूपेन्द्र गंजीर पेंवरो, बावालाल बंजारे डोकला, कुशराम साहू धनोरा, लतखोर सिन्हा भिराई, जीवराखन सिन्हा परसुली, नीलकंठ साहू भूलनडबरी, केशव साहू सनौद शामिल हैं।

नपा अध्यक्ष ज्योति एवं विधायक चंद्राकर ने की मोदी की सराहना

# आम से लेकर खास ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड को रविवार को आम से लेकर खास लोगों ने उत्साहपूर्वक सुना। कुरुद विधानसभा में विधायक अजय चंद्राकर ने अपने निवास कार्यालय में तो नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने वार्ड 13 में कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर मोदी के रेडियो कार्यक्रम का श्रवण किया। वहीं अनेक गांवों में भी भाजपाई अपने-अपने बूथों में इस कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड में देश की जनता को संबोधित किया। पीएम मोदी ने जनता को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही पीएम मोदी, ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी बचत उत्सव, एक पेड़ मां के नाम अभियान समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में गार्बेज कैफ़े चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफ़े हैं जहां प्लास्टिक कचरे के बदले आपको भरपेट खाना मिलता है। अगर कोई एक किलो से ज्यादा प्लास्टिक लाता है, तो उसे दोपहर या रात का खाना दिया जाता है और आधा किलो प्लास्टिक के बदले उसे नाश्ता मिलता है। ये कैफ़े अंबिकापुर नगर निगम द्वारा चलाए जाते हैं।







### देश में सकारात्मक सोच के साथ जनभागीदारी की भावना बढ़ी : अजय

कार्यक्रम के बाद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश में सकारात्मक सोच और जनभागीदारी की भावना बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की जो अपील की है, वह आज आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उन्होंने मोदी के उद्बोधन का जिक्र कर कहा कि भारत समेत पूरी दुनिया में प्लास्टिक प्रदूषण बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में शुरू किया गया गार्बेज कैफे एक नया मिसाल बना है। कैफे न केवल प्लास्टिक को रिसाइक्लिंग की ओर बढ़ाता है बल्कि जरूरतमंद को भरपेट भोजन भी करा रहा है।

### समाज के हर वर्ग को प्रेरित करने वाला कार्यक्रम है : ज्योति

नपा अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात समाज के हर वर्ग को प्रेरित करने वाला कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री जनता के बीच सीधे संवाद कर देश की आत्मा को जोड़ते हैं। मोदी ने समाज के उत्थान को केंद्र में रखते हुए सिर्फ सामाजिक विषयों को ही आगे रखा है। आज भी उन्होंने अपनी भाषा संस्कृति में युवाओं द्वारा बनाये जा रहे सोशल मीडिया में जिक्र और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कुरुद के कार्यकर्ता हर माह आम जनता के बीच बैठकर मन की बात सुनते हैं, जिससे जनता और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद और विश्वास और मजबूत होता है।

# एडीजे कोर्ट खुलने पर अधिवक्ताओं में हर्ष, विधायक का जताया आभार

- जनसुविधा विस्तार के कामों को बिना मांगे पूरा कराऊंगा : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद में व्यवहार न्यायालय के बाद एडीजे कोर्ट खुलने पर अधिवक्ता संघ कुरुद ने इस पहल के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त करने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने एडीजे कोर्ट का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ भी किया।

सिविल कोर्ट कुरुद में 25 अक्टूबर की शाम आयोजित एडीजे कोर्ट उद्घाटन समारोह एवं आभार सभा के मंच से विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि लोकतांत्रिक एवं संस्थागत मूल्यों की स्थापना में वकीलों की अहम भूमिका रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए यहां के बार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय मिले। न्यायपालिका के प्रति सम्मान जताते हुए विधायक ने कैपेसिटी बिल्डिंग एवं जनसुविधा विस्तार के कामों को बिना किसी मांग के पूरा करने का भरोसा दिलाया। श्री चंद्राकर ने कहा कि संविधान सभा में शामिल विधिवेत्ताओं ने संविधान रचना के समय जो लोकतांत्रिक एवं संस्थागत मूल्यों की स्थापना की थी, उसी के मुताबिक आज देश चल रहा है। हजार बरस की गुलामी और दूसरी सभ्यता के बावजूद सनातन मूल्य एवं संस्कृति आज भी हमें रास्ता दिखाने का काम कर रही है।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधेश्याम ध्रुव, व्यवहार न्यायाधीश रजत कुमार निराला, नीलेश कुमार बघेल, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश पांडे, नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, मालकराम साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, पंकज नायडू, राजेश पवार, दीपक गांधी, अनिल चंद्राकर, यशवंत साहू, प्रदीप यादव, मोहेंद्र चंद्राकर, तरुण यदु, सुनील, जितेंद्र, हितेंद्र, किशोर चन्द्राकर, मोहन सुखरामणि, महेश केला, भोजराज, कृष्णकांत, लोकेश साहू, रवि सिन्हा, थानेश्वर तारक, एमएल मोहबे, एसडीओपी रागिनी मिश्रा सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।





### संस्था बनती है तो इसका लाभ पीढ़ियों को मिलता है

उन्होंने 1988 से मौजूदा दौर तक क्षेत्रीय विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय व्यवस्था उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उनकी है। परिपक्वता और सर्वानुमति से तय होने वाले कुछ मुद्दे ऐसे होते हैं, जिसमें कुरूद के प्रति निष्ठा की भावना जुड़ी होती है। ऐसे मामलों में हमें दलीय विचारधारा से परे जाकर एकमत होना चाहिए। विधायक ने कुरूद में एलएलबी कालेज की स्थापना संबंधी जानकारी साझा करते हुए कहा कि संस्था बनती है तो इसका लाभ पीढ़ियों को मिलता है।

# बास्केटबाल में ईशांत व ईशा का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

सेजेस आमदी के दो खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। व्यायाम शिक्षक तमेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि बालक वर्ग में ईशांत साहू पिता दानीराम साहू और बालिका वर्ग में ईशा साहू पिता धर्मेन्द्र साहू का 19 वर्ष आयु में चयन हुआ। इन्होंने राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सत्र 25 - 26 में पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ जिसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में 3 खिलाड़ियों ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इसी प्रकार सरगुजा जिला अंबिकापुर में 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 2 खिलाड़ियों का चयन 19 वर्ष आयु वर्ग में भी हुआ है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य केके साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष ज्योति साहू, नगर उपाध्यक्ष कोमल यादव, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक आर के देवांगन तथा स्टाफ सीएच सेन, पी. साहू, सीमारानी भेंसले, टीपी पांडे, श्वेता गजेंद्र, एस. नाग, एस. सोनवानी, जे. ठाकुर, यूएस साहू, डीआर साहू, ओ. पटेल, वाय. देवांगन, जीआर साहू, गीता साहू, प्यारेलाल साहू और व्यायाम शिक्षक तमेश्वर प्रसाद साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।



# सिर्री में हुई लोक तिहार की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में श्रीराम युवा हिंदू संगठन एवं ग्रामीणों के सहयोग से 24 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी लोक तिहार सांस्कृतिक लोककला मंच का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे। अध्यक्षता देशांत सिन्हा सरपंच ने की। विशेष अतिथि विश्राम सिन्हा अध्यक्ष राधाकृष्ण मंदिर समिति, सालिकराम साहू ग्राम पटेला, डीहूराम तारक अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, डा. लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, पुष्पेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सिर्री, सितेश्वर सिन्हा, घनश्याम साहू, जयराम साहू, रोहित निर्मलकर, शोभाराम पटेल, नंदुराम ध्रुवंशी, लेखराम सिन्हा थे। रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की शुरुआत 11 बजे हुई। छत्तीसगढ़ी लोकगीत और नृत्य का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम देखने सैकड़ों दर्शकों की भीड़ उमड़ी।





# मोमबत्ती जलाकर स्व. गेविश को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम सेमरा में विगत दिनों गेविश देवांगन पिता मिलाप देवांगन उम्र 20 वर्ष का निधन हो गया था। उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके मित्रगणों ने देवांगन धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। स्व. देवांगन की आत्मा के शांति के लिये दीपक एवं मोमबत्ती जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।

# प. नारायणराव मेघावाले ने कई आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई

- कन्या महाविद्यालय में मनाई गई जयंती, योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प. नारायणराव मेघावाले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया के मार्गदर्शन व इतिहास विभाग के तत्वावधान में किया गया। प्राध्यापकगण एवं छात्राओं की उपस्थिति में पं. नारायणराव मेघावाले के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने कहा कि पं. नारायण राव मेघावाले ने कंडेल नहर सत्याग्रह (1920), असहयोग आन्दोलन (1921), सिहावा-नगरी जंगल सत्याग्रह (1922) जैसे अनेक आंदोलनों में अग्रणी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष सतीश साहू ने पं. नारायण राव जी मेघावाले के योगदान को रेखांकित किया। कहा कि पं. नारायण राव के आदर्शों से छात्राओं को प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कंडेल नहर सत्याग्रह पर आगामी आयोजन की जानकारी दी।



यादव बंधुओं ने गायों को बांधी सोहाई, खिचड़ी खिलाई

# राजपुर में दीपावली पर्व शांतिपूर्ण मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम राजपुर में दीपों का पर्व दीपावली शांतिपूर्ण मनाई गई। 20 अक्टूबर सोमवार को लक्ष्मी माता की पूजा की गई। लोगों के घरों में दीए व झालर लाइट की रोशनी से जगमगाया। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं ने सुरसुरी, अनारदाना, रॉकेट, चकरी, ताजमहल, एटम बम आदि पटाखों का खूब आनंद लिया।

21 अक्टूबर मंगलवार की रात्रि छग आदिवासी संस्कृति परंपरा का निर्वहन करते हुए पंचायत सचिव दूजराम ध्रुव व डोमार ध्रुव के घर से ईश्वर गौरी गौरा की मूर्ति को बाजे-गाजे के साथ गौरा चौरा में स्थापित किया गया। मूर्तियों की पूजा अर्चन कर 22 अक्टूबर बुधवार को गांव के गौरा तालाब में विसर्जित किया गया। इसके बाद यादव बंधुओं द्वारा किसानों के घर जाकर दोहा लगाते हुए गायों को सोहाई बंधी गई। गायों को खिचड़ी खिलाकर आरती उतारी गई। शाम को सहाड़ा देव के पास गोवर्धन पूजा की गई । लोगों ने गोबर का टीका लगा कर एक दूसरे से गोवर्धन पर्व की खुशियां बांटी।

23 अक्टूबर को यादव बंधुओं व ग्रामवासियों ने मातर महोत्सव का आयोजन किया। गोपाल निषाद, सुंदर निषाद के घर सजाई कदाई मड़ई व ध्रुवपारा की डांग डोली मड़ई नाचते झूमते मातर महोत्सव स्थल में पहुंची। मातर में विक्रम बेताल अखाड़ा सोनपैरी ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरी। रात्रि में शंभू गौरा सांस्कृतिक लोककला मंच सोनेवारा की प्रस्तुति रही। लोककला के कलाकारों ने करमा, ददरिया, सुवा, गौरी गौरा, राउत नाचा, पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी।







### चरमुड़िया में हुई गौरी-गौरा की पूजा

सिर्री। चरमुड़िया के शंकरनगर रेलवे स्टेशन में गौरा-गौरी की बारात निकाली गई। गोवर्धन पूजा के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग चढ़ाया गया। श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया।






# ननि ने अभियान चलाकर कई आवारा मवेशी पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा शहर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से आवारा मवेशियों के विरुद्ध लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। निगम की गौ पकड़ो टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर कई आवारा मवेशियों को पकड़ा। पकड़े गए सभी मवेशियों को सुरक्षित रूप से अर्जुनी स्थित कांजी हाउस में रखा गया है। रुद्री रोड से गौरव पथ रोड में धरपकड़ अभियान चलाया गया।

निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों के घूमने से यातायात में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही मवेशियों के कारण सड़कों पर गंदगी फैलने से स्वच्छता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आधिकारियों ने पशु मालिकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें, बल्कि निर्धारित स्थानों पर ही रखें। ऐसा न करने वाले पशुपालकों के विरुद्ध जुर्माना और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।












### निगम कर्मचारी चंद्रशेखर के निधन पर जताया शोक

धमतरी। नगर निगम के कर्मचारी चंद्रशेखर मिश्रा के आकस्मिक निधन से शहर में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर से सहकर्मी, मित्रगण और समाजजन स्तब्ध हैं।



ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज ने एक होनहार, मिलनसार और जिम्मेदार युवा को खो दिया है। चंद्रशेखर हमेशा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे और अपने सरल स्वभाव से सबका दिल जीत लेते थे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।





